## सार-समाचार

### कोटा यूनिवर्सिटी में इनकम टैक्स व जी.एस.टी. पर पी.जी. डिप्लोमा कोर्स लॉंच

**कोटा,** (निसं)। कोटा विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा सत्र 2024-25 में पीजी डिप्लोमा इन इनकम टैक्स तथा पीजी डिप्लोमा इन जीएसटी प्रारंभ किये जा रहे हैं। वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ मीनू महेश्वरी ने बताया कि देश की अर्थव्यवस्था में आयकर तथा माल एवं सेवा कर यानी जीएसटी की महत्ती भूमिका को देखते हुए तथा पांच ट्रिलियन इकोनामी के मद्देनजर इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। डॉ मीनू माहेश्वरी ने बताया कि यह एक वर्षीय कोर्स दो सेमेस्टर में पूरा किये जाएंगे। इन पाठ्यक्रमों की विशेषता यह कि इनमें आधे पेपर प्रैक्टिकल होंगे यानी दोनों सेमेस्टर में चार-चार पेपर में से दो-दो पेपर प्रैक्टिकल होंगे, जिन्हें चार्टर्ड अकाउंटेंट तथा कास्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट जैसे प्रोफेशनल्स के द्वारा व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करते हुए अध्यापन करवाया जाएगा। यह नए कोर्स वर्तमान में बेरोजगारी की समस्या तथा केवल सैद्धांतिक ज्ञान की अनुपयोगिता का समाधान कर रोजगार परक पाठ्यक्रम बनाए गए हैं। इन कोर्सेस में कॉमर्स, साइंस व आर्ट्स संकाय का कोई भी स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी प्रवेश ले सकता है। आयकर तथा जीएसटी क्षेत्र में कार्य करने के इच्छुक विद्यार्थियों सहित गृहणियां एवं प्रोफेशनल क्षेत्र में कार्य करने वालों के लिए भी यह कोर्स उपयोगी साबित होंगे। कोटा विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के प्रशासनिक कार्यालय द्वारा मुख्य शाखा, छावनी चौराहा, कोटा में एमबीएस हॉस्पिटल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 40 से अधिक अधिकारियों/कर्मचारियों ने रक्तगदान कर बैंक दिवस को 'सर्वे भवन्त सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामया' 'की भावना से प्रेरित होकर स्वर्णीम बना दिया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के कोटा मॉड्यूल के उप महाप्रबन्धक दीपेश कुमार ने न केवल अपने ग्राहकों अपितु मानव मात्र के प्रति कल्याण का भाव रखना ही एसबीआई की सर्वोच्च प्राथमिकता बताई, रक्तदान की महत्ता स्प्ष्ट की तथा रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मोनित किया। एमबीएस हॉस्पीटल, कोटा की टीम ने इस रक्तदान शिविर में स्वास्थय संबंधी विभिन्न जानकारी साझा की। कार्यक्रम के अन्त में सत्येन्द्र व जायसवाल मुख्य प्रबन्धक (मानव संसाधन) ने सभी आगन्तुकों, रक्तदाताओं तथा एमबीएस हॉस्पिटल, कोटा से आए डॉक्टर एवं उनकी मेडिकल टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### स्वच्छता की शपथ ली

**कोटा,** (निसं)। मंडल में सितम्बर माह में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया जिसमें रेल कर्मचारियों ने सहभागिता निभाते हुए अभियान को सफल बनाने का कार्य किया। स्वच्छता के अगले चरण में मंडल में डीआरएम मनीष तिवारी के मार्गदर्शन में 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा अभियान को संचालित किया जा रहा है। इस स्वच्छता अभियान के पहले दिन रेल कर्मचारियों ने कोटा सहित प्रमुख स्टेशनों एवं डिपों में स्वच्छता की शपथ ली। इस अभियान के तहत प्रतिदिन स्वच्छता गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है। जिसमे स्वच्छता श्रमदान, स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक के थैले न उपयोग करने के प्रति जागरूकता, स्वच्छ रेलगाड़ी के तहत ट्रेनों में बेहतर साफ-सफाई की व्यवस्था, स्वच्छ पटरी, स्वच्छ परिसर, स्वच्छ आहार एवं स्वच्छ नीर इत्यादि गतिविधियों को संचालित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिए स्टेशनों पर उद्घोषणा प्रणाली द्वारा भी स्वच्छता जागरूकता संबंधी संदेशों का प्रसारण कर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा।

### महात्मा गांधी जयंती आज

**कोटा,** (निसं)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155वीं जयंती अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर दो अक्टूबर बुधवार को प्रातः10.15 बजे शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शहर अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी की अगुवाई में रामपुरा स्थित गांधी चौक में महात्मा गांधी मूर्ति पर कांग्रेसजनो द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर माल्यार्पण, गोष्ठी व सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया जायेगा। कांग्रेस कमेटी के डॉ. विजय सोनी ने बताया कि देश को आजादी दिलाने वाले महापुरुष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155वीं जयंती को कांग्रेसजन हर्ष और उल्लास के साथ धूम धाम से मनायेगे। डॉ.विजय सोनी ने बताया कि गोष्ठी के बाद पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर भी स्टेशन रोड भीमगंजमंडी थाने के सामने पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की मूर्ति पर कांग्रेसजनो द्वारा माल्यार्पण किया जायेगा उक्त दोनों कार्यक्रमों में वरिष्ठ कांग्रेस नेतागण सहित समस्त कांग्रेस जन भाग लेगे।

### राजकीय महाविद्यालय कोटा में बी.सी.ए. कोर्स प्रारम्भ

**कोटा,** (निसं)। राज्य सरकार की परिवर्तित बजट घोषणा की अनुपालना में आज से राजकीय महाविद्यालय कोटा में बी.सी.ए. कोर्स प्रांरम्भ किया गया। इस अवसर पर बी.सी.ए. कोर्स के विद्यार्थियों का ओरियेन्टेशन कार्यक्रम रखा गया। जिसमें प्राचार्य प्रो.प्रतिमा श्रीवास्तव ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि देश में तकनीकी समृद्धि से ही विकास के नये आयाम स्थापित होगें। विद्यार्थियों से परिचय प्राप्त करने के उपरान्त बी.सी.ए. कोर्स के पाठ्यक्रम के संदर्भ में जानकारी दी गयी। इस कार्यकम में वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. अरूण कुमार तथा डॉ. आर.पी. सोमानी ने सैद्धान्तिक एवं लेब के प्रायोगिक कार्यो तथा रखरखाव की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में पंजीकृत विद्यार्थी, बी.सी.ए. के व्याख्याता, डॉ. सियाराम मीणा, डॉ. जितेन्द्र कुमार वर्मा एवं डॉ. राजेन्द्र सिंह राजावत उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में बी.सी.ए. पाठ्यक्रम के कॉर्डिनेटर डॉ. रामबिलास मीणा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालयए भारत सरकार, कोटा द्वारा आज महाराणा प्रताप बीएड एंड डिग्री कॉलेज, कनवास रोड़ दरा में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस और स्वच्छता ही सेवा अभियान पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संगोष्ठी, श्रमदान, रैली और मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अपरिचित के लिए रक्तदान का महत्व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाराणा प्रताप बीएड एंड डिग्री कॉलेज निदेशक महेश शर्मा ने कहा असली मायने में अपरिचित के लिए रक्तदान करना महा रक्तदान होता है। रक्तदान एक ऐसा पुण्य कार्य है जो किसी के जीवन को बचा सकता है। उन्होंने स्वच्छता ही सेवा अभियान के बारे में भी विस्तार से बताया और सभी को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

### मोतियाबिंद के निःशुल्क ऑपरेशन करवाये

**कोटा,** (निसं)। इनरव्हील क्बल कोटा नेत्रचिकित्सा शिविर का आयोजन कर 40 व्यक्तियो का नेत्र शल्य चिकित्सा की गई। अध्यक्ष चारू जैन ने बताया कि क्लब ने नयापुरा में नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजत कर निशुल्क ऑपरेशन करवाये इस शिविर को डॉ.सुधीर गुप्ता के सहयोग से पूरा किया गया। अध्यक्ष जैन ने बताया कि इस शिविर में ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों ने हिस्सा लिया उनके ऑपरेशन के उपरान्त क्लब की ओर से काले चश्में मंगलवार को मरीजों को भेंट किए गऐं। इस अवसर पर क्लब सचिव नीता जैन नीरजा कोहली व प्रीति गौतम आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### अस्पताल में दो व्हीलचेयर भेंट की

**कोटा,** (निसं)। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी के जन्मदिन की बेला में चल रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम कृष्ण बिरला के जनसेवा से प्रेरणा लेकर भाजपा ओबीसी मोर्चा दादाबाड़ी मंडल अध्यक्ष नवल देव ने अपने माता-पिता स्व.पाना बाई एवं स्व.ओम प्रकाश देव की पुण्यतिथि पर धार्मिक पुस्तक श्रीरामचरित मानस सहित 2 नग व्हीलचेयर भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन के सानिध्य में मेडिकल कॉलेज कोटा के नवीन अस्पताल में भेंट करते हुए अस्पताल अधीक्षक डॉ. आशुतोष शर्मा को सुपुर्द की।

### नगर निगम कोटा दक्षिण की बोर्ड बैठक चार को

**कोटा,** (निसं)। कोटा महापौर के निर्देशानुसार नगर निगम, कोटा दक्षिण की साधारण सभा की बोर्ड बैठक चार अक्टूबर प्रातः 9:30 बजे नवीन प्रशासनिक राजीव गांधी भवन के सभा कक्ष नगर निगम, कोटा में आयोजित की जानी है। विचारणीय बिन्दु-नगर निगम कोटा दक्षिण की गत बैठक दिनांक चार फरवरी 2023 की कार्यवाही विवरण की पुष्टी बोर्ड बैठक में रखे जाने वाले प्रस्तावों का अनुमोदन। अन्य बिन्दु पर विचार महापौर की सहमति से होगा।

# 'स्टूडेंट्स को समझेंगे और सचेत रहेंगे तो सिस्टम सशक्त होगा'

- जिला प्रशासन के सहयोग से एलन में रिफ्रेशर गेटकीपर ट्रेनिंग
- इस सेशन में करीब 700 फैकल्टीज शामिल हुए

**कोटा,** (निसं)। जिला प्रशासन के निर्देश पर एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से निःशुल्क रिफ्रेशर गेटकीपर ट्रेनिंग का आयोजन जवाहर नगर स्थित एलन समुन्नत कैम्पस के समरस ऑडिटोरियम में किया गया। इस सेशन में करीब 700 फैकल्टीज शामिल हुए। प्रशिक्षण में कोचिंग सेंटर्स के लिए मुख्य नोडल अधिकारी सुनीता डागा, एसडीएम व नोडल अधिकारी गजेन्द्र सिंह, एलन कोटा के प्रसीडेंट विनोद कुमावत व क्यूपीआर गेटकीपर सर्टिफाईड ट्रेनर डॉ.हिमांशु शर्मा शामिल रहे। सभी प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण पूर्व और प्रशिक्षण पश्चात फीडबैक भी लिया गया।

इस अवसर पर मुख्य नोडल अधिकारी सुनीता डागा ने कहा कि कोटा स्टूडेंट्स के लिए सबसे उपयुक्त शहर है। इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए इससे बेहतर केयरिंग कहीं नहीं होती। यह बात साबित भी हो रही है। जिला प्रशासन जिला कलेक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी के निर्देशन में पूरी सजगता से काम कर रहा है। फैकल्टीज का बहुत महत्वपूर्ण दायित्व इसलिए होता है क्योंकि वे स्टूडेंट्स से सीधे संवाद में रहते हैं। ऐसे में वे स्टूडेंट्स को समझेंगे और सचेत रहेंगे तो पूरा सिस्टम सशक्त हो जाएगा। हम बेहतर केयर कर पाएंगे।

नोडल ऑफिसर गजेन्द्र सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन विद्यार्थियों को सकारात्मक माहौल देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। प्रयास किए जा रहे हैं कि हर विद्यार्थी तक पहुंचा जाए। उन्हें बेहतर सुविधाएं दी जाएं। किसी भी तरह की शिकायत हो तो उसका निवारण तुरंत किया जाए। इसमें हर वर्ग को अपना पूरा प्रयास करना होगा। जिला प्रशासन के साथ कोचिंग संस्थान, हॉस्टल, मैस से जुड़े हर व्यक्ति को आगे आकर जिम्मेदारी लेनी होगी।

एलन कोटा प्रेसीडेंट विनोद कुमावत ने कहा कि एलन जिला प्रशासन के साथ मिलकर हर कार्य को समर्पित तरीके से करने के लिए तत्पर है। विद्यार्थियों की सकारात्मक माहौल में पढ़ाई हो और यहां उन्हें देश का बेस्ट एनवायरमेंट मिले। यह एलन का प्रयास रहता है। एलन पर भी विद्यार्थियों की हर समस्या के समाधान के लिए समर्पित तरीके से प्रयास किए जा रहे हैं और इसमें फैकल्टीज का पूरा योगदान रहता है। स्टूडेंट टीचर मीटिंग के माध्यम से हम प्रत्येक विद्यार्थी से संवाद स्थापित कर उसके बारे में जानकारी लेते हैं।

डॉ. हिमांशु शर्मा ने कहा कि कोटा में सर्वाधिक गेट कीपर ट्रेनिंग दी गई। इसका असर भी नजर आया है और हर वर्ष यह गेट कीपर ट्रेनिंग दी जाएगी। यह रिफ्रेशर सेशन है, जिनकी ट्रेनिंग को एक वर्ष हो चुका है, उन्हें दुबारा से ट्रेनिंग दी जा रही है। इसका उद्देश्य यही है कि हम सजग रहते हुए विद्यार्थियों की मदद करें। ट्रेनिंग में दी जा रही जानकारी को हमेशा दिमाग में रखें और कुछ भी ऐसा प्रतीत हो तो संबंधित विभाग को सूचित करें ताकि समय रहते एक्शन लिया जा सके।

# युवाओं को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने की जरूरत : डॉ. विलियम्स

- राष्ट्रीय रक्तदान दिवस पर जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय में कार्यशाला सम्पन्न

**कोटा,** (निसं)। राष्ट्रीय रक्तदान दिवस के अवसर पर जय मीनेश विश्वविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि चीफ फाइनेंस ऑफिसर ओ.पी. गुप्ता थे तथा कार्यशाला की अध्यक्षता विवि रजिस्ट्रार डॉ.एन.के. शर्मा ने की। कार्यशाला के मुख्य वक्ता एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ.अनुज विलियम्स द्वारा पीपीटी प्रजेन्टेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए जागरूक किया गया एवं रक्तदान करने से होने वाले विभिन्न फायदों को विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्तदान तीन जरूरतमंद लोगों के काम आता है एवं उनको नई जिन्दगी देता हैं। रक्तदान करने पर जो संतुष्टि रक्तदाता को तीन लोगों की जिन्दगी बचाने में मिलती है, वह संतुष्टि पैसों से नहीं खरीदी जा सकती।

डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत में हर वर्ष 14.6 मिलियन यूनिट ब्लड की आवश्यकता होती है तथा सालाना भारत में 2 मिलियन यूनिट ब्लड की कमी रहती है क्योंकि हर साल भारतीय आबादी का केवल 1 प्रतिशत ही स्वैच्छिक रक्तदान हो पाता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलसचिव डॉ.नरेन्द्र कुमार शर्मा ने रक्तदान को महादान बताते हुए इसे युवा जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने सम्बन्धी प्रेरणा दी। इस अवसर पर विवि रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ.सुमन भारती मीणा ने विद्यार्थियों को विभिन्न रक्त ग्रुप्स एवं एचआईवी एड्स की रोकथाम हेतु विद्यार्थियों को जानकारी दी। इस अवसर पर व्याख्याता डॉ.देवेन्द्र आचार्य, भारत शर्मा, गिरजा मीणा, डॉ.जितेन्द्र दोतानिया, राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक कपिल धाकड़, अंकिता मीणा, सचिन मेहता, जयप्रकाश मालव एवं विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के व्याख्यातागण और राष्ट्रीय सेवा योजना व रेड रिबन क्लब के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# शक्ति सिंह हाड़ा ने 'स्पार्टाथलॉन 2024 मैराथन' पूरी की

**कोटा,** (निसं)। विश्व की सबसे कठिन अल्ट्रा मैराथनों में से एक 42वीं स्पार्टाथलॉन मे कोटा के धावक शक्ति सिंह हाड़ा ने सफलतापूर्वक पूरा कर कोटा सहित देश का नाम स्वर्ण अक्षरों में शामिल करवाया है। 246 किलोमीटर (153 मील) लंबी दौड़ एथेंस से स्पार्टा में विश्व के 395 धावकों ने हिस्सा लिया था और महज 193 धावक ही इस दौड़ को पूरी कर सके है।

शक्ति सिंह ने इस दौड़ में कोटा सहित देश का नाम ऊंचा करने पर उनके परिजनों, दोस्तों और गुरू का आभार व्यक्त किया। उनका बिब नंबर 383 है। हाड़ा ने बताया कि विश्व की सबसे कठिन अल्ट्रा मैराथनों में से एक, 42वीं स्पार्टाथलॉन 28 सितंबर को सुबह 07 बजे एथेंस से स्पार्टा, ग्रीस से प्रारंभ हुई। 246 किलोमीटर की दूरी 36 घंटे में पूरी करने की चुनौती थी परन्तु उन्होने पूरी दौड़ 35 घण्टों में पूरी कर ली। इस दौरान उन्हे कई कठिनाईयों का समाना करना पड़ा। शक्ति ने यह दौड़ 29 सितम्बर को सांय 07 बजे पूरी की। शक्ति सिंह ने बताया कि स्पार्टाथलॉन केवल एक लंबी दौड़ नहीं है, बल्कि यह धावकों की शारीरिक और मानसिक क्षमता की एक कठोर परीक्षा है। 246 किलोमीटर का मार्ग विभिन्न भौगोलिक परिस्थितियों से गुजरता पड़ा। जिसमें पहाड़ी इलाके, तेज धूप और रात की ठंड शामिल हैं। जहां दिन में तापमान लगभग 40 डिग्री तक पहुंच जाता था तो रात में 10 डिग्री की ठंड में उन्हे दौड़ना होता था।

